किस्म मुकदमा ... हुक्म या कार्यवाही मय इनाशियल ...

| तारीख हुक्म | |
|---|---|
| 12/11/2022 | पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उपस्थित। विभाजन प्रस्ताव पत्रावली पर प्राप्त हो चुका है। प्रतिवादीगण के विरुद्ध पूर्व में ही एक पक्षिय कार्यवाही हो चुकी है। विभाजन प्रस्ताव पर वकील वादी को पूर्व में सुना जा चुका है। वकील वादी का कथन है कि मेरा दावा बटवारे का है जिसमें पूर्व में प्राथमिक डिकी जारी हुई है। तहसीलदार नीमकाथाना द्वारा विधिवत विभाजन कर विभाजन प्रस्ताव प्रस्तावित किया है। विभाजन प्रस्ताव सभी खातेदारान की उपस्थिति में बनाया गया है। प्रतिवादीगण को भी विभाजन प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नही है। अतः विभाजन प्रस्ताव अनुसार दावा एफ.डी कर दिया जावें। वकील वादीगण को सुनने व पत्रावली एवं विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन करने के पश्चात पाया गया कि प्राथमिक डिकी दिनांक 23.06.2022 की अनुपालना में तहसीलदार नीमकाथाना द्वारा पक्षकारान/ खातेदारान के मध्य आपसी रजामन्दी के अनुसार विधिवत विभाजन प्रस्ताव तैयार किया जाकर प्रस्तावित किया गया है। जिससे उभय पक्ष के हस्ताक्षर भी करवाये गये है। अतः दावा वादीगण मुताबिक विभाजन प्रस्ताव के अन्तिम रूप से डिकी किया जाना उचित समझते है।<br><br>अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर दावा वादीगण मुताबिक विभाजन प्रस्ताव तहसीलदार नीमकाथाना के पत्रांक भू. अ./2022/5516 दिनांक 06.09.2022 द्वारा प्रस्तावितानुसार अन्तिम रूप से डिकी किया जाता है तथा वादीगण व प्रतिवादीगण को मुताबिक विभाजन प्रस्ताव के पृथक–पृथक काबिज खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। विभाजन प्रस्ताव मय नक्शा डिकी का भाग समझा जावें। तद्वानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हेतु पर्चा डिकी मुर्तीब हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>(बृजेश कुमार)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>नीमकाथाना (सीकर) |

...दमा आज वास्ते ...
... अधिकारी नीमकाथा...
...ब मुददई प्रतिवादी ...
...गा वादीगण मुताबि...
2022/5516 दिनांक ...
...जाता है तथा वाद...
...पृथक काबिज खातेद...
... अमल दरामद हो।

खर्चा इस मुकददमे...
...सलाना आज की त...
...दा करें।

बसख्त मेरे दस्त...
...को जारी की गई।

| मुद्दई | |
|---|---|
| ... अर्जी दावा | |
| ... वकालतनामा | |
| ... वजह सबूत | |
| ...ताना वकील | |
| ... गवाहान | |
| ... कमिश्नर | |
| ... इजराय हुक्मनामा | |
| फारिक | |
| मीजान | |

...नोट:– इस खर्चे ...
...ये दिलाया गया हो...

Scanned with OKEN Scanner